## महत्वपूर्ण एवं खास

### लोकसभा चुनाव के लिए जमा नामांकन देखकर भी भर सकते हैं अभ्यर्थी फॉर्म

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग ने आम नागरिक को कई प्रकार की सुविधा दी है। उनमें से एक वेबसाइट सुविधा है। लोकसभा चुनाव में किसी भी अभ्यर्थी का नामांकन देखना हो या ऐसे अभ्यर्थी जो लोकसभा के नामांकन के अंतिम दिन 19 अप्रैल 2024 को फॉर्म जमा करना चाहते हैं और ऐसी स्थिति में स्वयं के द्वारा भरे आवेदन में त्रुटि की संभावना हो तो वे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रायपुर के वेबसाइट (सीईओछत्तीसगढ़ डॉट एनआईसी डॉट इन) में अब तक जमा किए गए सभी लोकसभा सीट के अभ्यर्थियों के नामांकन को डाउनलोड कर देखकर अपना शंका का समाधान कर सकते हैं।

### डंपर आपरेटरों को मिलेगा ओटी

**कोरबा (आरएनएस)।** एसईसीएल गेवरा परियोजना में अब तक 240 टन वाले डंपर आपरेटरों को ओटी मिलते आया है। जबकि 150 टन वाले डम्फर आपरेटर ओटी से वंचित थे। कल एसईकेएमसी के प्रतिनिधि मंडल ने अधिकारियों से मुलाकात कर 150 टन वाले डम्फर आपरेटरो को ओटी देने की मांग की है। प्रतिनिध में शामिल गोपाल यादव, डीके मिश्रा, छंन्दराम राठौर, अनिल राठौर का कहना है कि 240 टन वाले डम्फर आपरेटर 6 बजे ड्यूटी जाते है और दोपहर 2 बजे उनकी छुट्टी हो जाती है। छुट्टी के बाद भी उनसे काम कराया जाता है। उन्हें चार पांच घंटे का ओटी मिलता है। अब तक 150 टन वाले डम्फर आपरेटर ओटी से वंचित थे। अब उन्हें भी ओटी दिए जाने की जरूरत है। प्रबंधन ने एसईकेएमसी की मांगो को पुरा करने का आश्वासन दिया है।

### व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की विभिन्न प्रवेश एवं पात्रता परीक्षाओं की तिथियों में संशोधन

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न प्रवेश एवं पात्रता परिक्षाओं की परीक्षा तिथियों में संशोधन किया गया है। लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित होने के कारण प्रवेश एवं पात्रता परीक्षाओं की पूर्व निर्धारित परीक्षा तिथियों में संशोधन किया गया है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा जारी संशोधित तिथियों के अनुसार पी.ई.टी-2024, प्री.एम.सी.ए.-2024 एवं पी.पी.एच.टी.-2024 की परीक्षा 13 जून 2024 को होगी। पी.ए.टी/पी.व्ही.पी.टी., बीएससी (कृषि), बीएससी (उद्यानिकी), पशुपालन में डिप्लोमा और मत्स्यिकी विज्ञान में डिप्लोमा, प्री.बी.ए.बी.एड. और प्री बी.एससी बी.एड. की परीक्षा 16 जून 2024 को होगी। इसी प्रकार पी.पी.टी. 2024, टीईटी-2024 पात्रता परीक्षा 23 जून 2024 को, प्री.बी.एड.-2024 और प्री.डी.एल.एड.-2024 की परीक्षा 30 जून को तथा बी.एससी नर्सिंग-2024, पोस्ट बेसिक नर्सिंग-2024 एवं एम.एस.सी. नर्सिंग-2024 की परीक्षा 7 जुलाई 2024 को आयोजित की जाएगी।

### शराब बेचते महिला सहित तीन गिरफ्तार


**रायपुर (आरएनएस)।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अवैध शराब बेचते हुए महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 60 पाव देशी एवं अंग्रेजी शराब व बिक्री रकम 1030 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार उरला पुलिस ने मां उदर गड़ी कंपनी सरोरा के सामने अवैध शराब बेचते आरोपी सुरेन्द्र साहू 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 24 पाव अंग्रेजी शराब व बिक्री रकम 520 रुपए जब्त किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर रावाभाठा में अवैध शराब बेचते आरोपिया नीलम साहू 49 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 18 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 150 रुपए जब्त किया है। वहीं धरसींवा पुलिस ने आरोपी धर्मेन्द्र मनहर 33 वर्ष के पास से 18 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 360 रुपए जब्त किया है।

### चाकू लहराते युवक पकड़ाया

**रायपुर (आरएनएस)।** सरस्वती नगर पुलिस ने कुकुरबेड़ा में चाकू लेकर आतंक फैलाते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि कुकुरबेड़ा के पास एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी नरेन्द्र मिश्रा 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त कर आम्र्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# निर्वाचन उल्लंघन पर त्वरित कार्यवाई हेतु नागरिक कर सकते हैं सी-विजिल एप में शिकायत

**रायपुर**




लोकसभा निर्वाचन - 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नागरिकों के निर्वाचन उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के त्वरित कार्रवाई के लिए सी-विजिल एप (सिटिजन विजिल एप) देश में चालू है। आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्मित सी- विजिल एप्लीकेशन को और भी सशक्त बनाया गया है। अब आम नागरिक आचार संहिता उल्लंघन के मामलों की शिकायत लाइव फोटोग्राफ एवं वीडियो के साथ-साथ ऑडियो क्लिप के माध्यम से भी कर सकेंगे। यदि कोई नागरिक राज्य में आचार संहिता उल्लंघन की कोई घटना देखता है तो सी-विजिल एप्लीकेशन का उपयोग करते हुए घटनास्थल की एक फोटो या 2 मिनट की वीडियो या ऑडियो क्लिपिंग बनाकर एप्लीकेशन के माध्यम से शिकायत कर सकता है। शिकायत गुप्त रूप से भी की जा सकती है या एप्प में पंजीकृत होकर भी की जा सकती है।पंजीकृत उपयोगकर्ता के रूप में शिकायत करने पर उपयोगकर्ता को शिकायत निराकरण के पश्चात उसकी सूचना भी दी जाएगी। यह एप्लीकेशन आम नागरिकों के लिए एंड्राइड/आईओएस दोनो पर उपलब्ध है। सामान्य मामलों में शिकायतों पर कार्यवाही 100 मिनिट के भीतर पूरी कर शिकायतकर्ता को इसकी सूचना दी जाएगी।

सीविजिल एप का उपयोग करते हुए नागरिक निर्वाचन अवधी के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के संबंध में रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय जाए बिना ही आनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं। सी विजिल एक आसान ऐप है जो प्रयोक्ता अनुकूल तथा उपयोग करने में आसान है। यह एप्लिकेशन सतर्क नागरिक को जिला नियंत्रण कक्ष, रिटर्निंग अधिकारी तथा फिल्ड सत्यापन इकाई ( उड़न दस्ते / स्थैतिक निगरानी दलों) से जोड़ती है जिसके द्वारा एक तेज तथा सटीक रिपोर्टिंग, कार्रवाई एवं अनुवीक्षण तंत्र तैयार होता है।

**नागरिकों द्वारा शिकायत करने की प्रक्रिया -** गूगल प्ले स्टोर /एप्पल स्टोर से सीविजील एप डाउनलोड करें। नागरिक या तो मोबाइल नम्बर और ओटीपी के माध्यम से लाग-इन कर सकते हैं या गुमनाम रूप से भी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का फोटो/वीडियो/आडियो कैप्चर करें। पूर्व से रिकार्ड किए गए फोटो/वीडियो/आडियो अपलोड नही किए जा सकते। घटनास्थल की सटीक लोकेशन की पहचान करने में सहायता के लिए अतिरिक्त जानकारी दर्ज करें। सभी अनिवार्य फील्ड दर्ज करने के बाद सबमिट पर क्लिक करें।

सी-विजिल शिकायतकर्ता को फोन नंबर और अपनी पहचान को गुप्त रखते हुए भी शिकायत दर्ज कराने की सुविधा प्रदान करता है। शिकायतकर्ता अपनी शिकायत पर की गई कार्यवाही को ट्रैक कर सकते हैं। इस एप्लिकेशन के माध्यम से नागरिकों की शिकायत पर पूरी कार्यवाही 100 मिनट के पूर्ण की जाती है।

**सी-विजिल एप्प में वास्तविक लोकेशन की जानकारी जरूर दें शिकायतकर्ता-** सी-विजिल एप्प पर निर्वाचन संबंधित शिकायत की सूचना मिलने पर संबंधित टीमों द्वारा त्वरित निवारण किया जाता है।सी-विजिल एप्प के नियंत्रण अधिकारी ने शिकायतकर्ताओं को कहा कि कोई भी शिकायत के लिए उस घटना के घटित होने के स्थान को, लोकेशन कॉलम में भरकर जरूर दें ताकि जांच टीम वास्तविक स्थान पर जाकर उस शिकायत का जांच करें। यहां ध्यान रखने वाली बात यह है कि वास्तविक स्थान और मोबाइल के माध्यम से सी-विजिल एप्प में अपलोड दोनों स्थान आसपास ही होनी चाहिए।

## नेशनल लोक अदालत के लिए तिथियां निर्धारित

**रायपुर ।** आरएनएस

छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा वर्ष 2024 के लिए नेशनल लोक अदालत हेतु तिथि निर्धारित किया गया है। जिसके अंतर्गत 09 मार्च 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में माह अप्रैल एवं मई 2024 में लोकसभा आम निर्वाचन तीन चरणों में संपन्न किया जाना है। जिसके अंतर्गत कार्यपालक अध्यक्ष के अनुमोदन अनुसार नेशनल लोक अदालत की नई तिथि 11 मई 2024 को परिवर्तित करते हुए अब 13 जुलाई 2024 को निर्धारित किया गया है। इसी तरह नेशनल लोक अदालत 14 सितंबर 2024 की तिथि को परिवर्तित करते हुए अब 21 सितंबर 2024 को आयोजित किया जाएगा।

## चोरी करने घर में घुसे दो चोर पकड़ाए, पुलिस ने कार्यवाई कर भेजा जेल

**रायगढ़**

दिनांक 18/04/2024 को थाना कोतवाली में अजय यादव (35 साल) निवासी राजापारा बाघतालाब के पास रायगढ़ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 17/04/2024 की रात्रि घर के दरवाजे के सिटकीनी को बंद कर श्रीरामनवमी शोभायात्रा में शामिल होने गया था, रात्रि करीब 01.20 बजे वापस घर आने पर देखा कि एक युवक घर के बेडरूम में घुसकर अलमारी को खोलकर समान को इधर उधर कर बिखेर रहा था, जिसे पकड़कर चोर-चोर चिल्लाया तो उसका एक और साथी घर के दूसरे रूम से बाहर निकलकर भागने लगा, तब तक घर और आसपास के लोग जाग गये और दूसरे चोर को भी पकड़े जिनसे नाम पता पूछने पर एक युवक अपना नाम आकाश यादव और दूसरे ने अपना नाम विशाल यादव दोनों निवासी मिट्ठुमुडा दुर्गा चौंक के पास रायगढ़ के रहने वाले बताये। घटना को लेकर थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराने पर कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों



के विरूद्ध अपक्र. 236/2024 धारा 457, 511, 34 आईपीसी के तहत अपराध कायम कर दोनों आरोपी (1) आकाश यादव पिता भुजबल यादव 19 साल (2) विशाल यादव उर्फ लादेन पिता बाबूलाल यादव उर्फ बब्बू उर्फ बब्लू यादव निवासी मिट्ठुमुडा दुर्गा चौंक थाना कोतवाली रायगढ़ को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। दोनों आरोपी आदतन चोर है, इन्हें पूर्व में भी कोतवाली चोरी के अपराध में चालान की है।

## सेना भर्ती के लिए ऑनलाईन परीक्षा हेतु तिथि निर्धारित

**रायगढ़**

सेना भर्ती के लिए ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराने वाले उम्मीदवारों के लिए ऑनलाईन कॉमन एंट्रेस एग्जाम की तारीख सेना द्वारा घोषित कर दी गई है।

जिला रोजगार अधिकारी रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न श्रेणियों के लिए ऑनलाईन परीक्षा (सीईई) 22, 23, 24, 25, 29 एवं 30 अप्रैल तथा 2 एवं 3 मई 2024 को निर्धारित 5 परीक्षा केन्द्र बिलासपुर, रायपुर, भिलाई (दुर्ग), दुर्ग और जगदलपुर में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक दिन ऑनलाईन परीक्षा 3 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इस बार से अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट/ एसकेटी में आवेदन करे वाले उम्मीदवारों का टाइपिंग टेस्ट ऑनलाईन परीक्षा सेंटर पर लिया जाएगा। प्रवेश पत्र



भारतीय सेना की वेबसाईट www.joinindianarmy.nic.in में डाउनलोड कर सकते है। उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे एडमिट कार्ड पर दिए गए सभी निर्देशों का पालन करें और समय पर अपने परीक्षा केंद्र पर पहुचें।

छत्तीसगढ़ में ऑनलाईन परीक्षा सीईई केन्द्रों के तहत बिलासपुर के आई ओ एन डिजिटल जोन आई डी जेड, लख्मीचंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बोडरी, नियर हाई कोर्ट, बिलासपुर पिन- 495220 तथा चौकसी इंजीनियरिंग कॉलेज, मस्तुरी रोड लाल खदान, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, पिन- 495004 में निर्धारित की गई है। इसी तरह रायपुर में आई ओ एन डिजिटल जोन आई डी जेड, पार्थिवी प्रो प्रोवाइन कमर्शियल काम्प्लेक्स, संत रविदास वार्ड नम्बर 70, सरोना, रायपुर, पिन- 492009 तथा कलिंगा यूनिवर्सिटी, कोतनी नियर कैपिटल काम्प्लेक्स, नया रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन- 492001, भिलाई (दुर्ग)-में आई ओ एन डिजिटल जोन आई डी जेड, ग्राउंड 2 एंड 3 फ्लोर, पार्थिवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट सिरसाकला, भिलाई नगर, छत्तीसगढ़, पिन- 492101, रूंगटा इन्फोटेक सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड, कोहका कुरूद रोड, भिलाई, भिलाई नगर, छत्तीसगढ़, पिन- 490024, साईं कॉलेज, स्ट्रीट-69, सेक्टर-6, भिलाई नगर, छत्तीसगढ़, पिन- 490006, मनसा कॉलेज, कोहका कुरूद रोड, भिलाई, भिलाई नगर, छत्तीसगढ़, पिन- 490024, दुर्ग में छत्रपति शिवाजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, शिवाजी नगर, बालोद रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़, पिन- 491001 एवं भारती कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, पुलगांव चौक, दुर्ग, छत्तीसगढ़, पिन-491001 तथा जगदलपुर में झाडा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, जगदलपुर में परीक्षा आयोजित की जाएगी।

## लोकसभा निर्वाचन-2024... ईवीएम मशीनों की शिफ्टिंग शुरू

### रायगढ़ एवं खरसिया विधानसभा क्षेत्र के लिए भेजे गए ईवीएम मशीन

**रायगढ़**



रायगढ़ तहसील कार्यालय स्थित निर्वाचन वेयर हाउस से लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए ईवीएम मशीनों की शिफ्टिंग शुरू हो गई है। गुरुवार को दो कंटेनर ट्रक के माध्यम से केआईटी कॉलेज में ईवीएम मशीनों की शिफ्टिंग की गई। इसी तरह एक कंटेनर ट्रक से खरसिया विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम मशीनों की शिफ्टिंग की गई।

लोकसभा निर्वाचन के लिए पूर्व में विधानसभा वार ईवीएम मशीनों का सेप्रेशन किया गया था। इसमें वेयरहाउस में स्थित ईवीएम मशीनों को जिले के रायगढ़, खरसिया, लैलूंगा और धरमजयगढ़ विधानसभा के अनुसार आबंटन किया गया था। इसके बाद अब ईवीएम मशीनों को शिफ्टिंग का कार्य शुरू हो गया है। शिफ्टिंग के पहले दिन रायगढ़ विधानसभा के लिए केआईटी कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम में दो कंटेनर ट्रक के माध्यम से मशीनों की शिफ्टिंग की गई। इसमें बीयू 350, सीयू 350 एवं वीवीपैट 369 की शिफ्टिंग की गई। इसी तरह एक ट्रक कंटेनर के माध्यम से खरसिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत के लिए सी यू, बीयू एवं वीवीपैट मशीनों की शिफ्टिंग की गई। शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 को लैलूंगा एवं धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम मशीनों की शिफ्टिंग की जाएगी। जिसमें धरमजयगढ़ विधानसभा की मशीनों की शिफ्टिंग जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाईट) धरमजयगढ़ में की जाएगी।

## रायगढ़ संसदीय क्षेत्र के लिए सात अभ्यर्थियों ने जमा किए नाम निर्देशन पत्र

**रायगढ़।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अन्तर्गत रायगढ़ संसदीय क्षेत्र क्रमांक-02 के लिए आज 07 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन फार्म जमा किया गया है। जिनमें मदन प्रसाद गोंड-गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, भवानी सिंह सिदार-हमर राज पार्टी, गुलेश्वर पैंकरा-भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, अलबर्ट मिंज-हमर राज पार्टी, इनोसेंट कुजूर-बहुजन समाज पार्टी, डॉ.मेनका देवी सिंह-इंडियन नेशनल कांग्रेस तथा पूजा सिदार-निर्दलीय ने नामांकन फार्म जमा किए। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल अपरान्ह 03 बजे तक है।





## मतदान केंद्र के लिए वोटरों की सूची तैयार करने दलों को दिया गया प्रशिक्षण

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देशा पर डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्वाचक नामावली चिन्हित करने हेतु मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल ने इलेक्टोरल रोल एवं उसमें आवश्यक प्रविष्टी के संबंध में दलों को आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचक नामावली चिन्हित करने के दौरान किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं होना चाहिए। मतदान दल प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और बारीकियों को ध्यानपूर्वक समझे।



मतदान दिवस के दिन मतदान करते समय मतदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना करना न पड़े इसके लिए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर चूड़ामड़ी गोस्वामी ने मतदाता सूची चिन्हांकित करते समय ईडीसी, पीबी, सीएसबी, (एएसडी) सूची आदि का सावधानीपूर्वक चिन्हांकन करने के संबंध में जानकारी दिया। इस अवसर पर सारंगढ़ एवं बिलाईगढ़ दोनों अनुविभागों के राजस्व निरीक्षक और पटवारीगण उपस्थित थे।

## शातिर चोर गिरफ्तार : आदतन आरोपी पर चोरी के दर्जनों मामले दर्ज

### जूटमिल पुलिस ने कार्रवाई कर भेजा जेल

**रायगढ़**

दिनांक 17.04.2024 की रात ग्राम आमापाली डीपापारा के दीपक बरेठ के मकान में रात्रि करिबन 1 बजे एक अज्ञात व्यक्ति घुस कर घर में रखे पेटी उठाकर भागा। दीपक और गांव के लोगों ने दौड़ाकर चोर को पकड़े और डॉयल 112 को सूचना दिये। चोरी करते पकड़ा गया आरोपी मनीष महंत निवासी जेलपारा रायगढ़ को डॉयल 112 द्वारा थाना लाया गया। दीपक बरेठ की रिपोर्ट पर आरोपी मनीष दास महंत पिता पूरन दास महंत उम्र 21 साल निवासी जेलपारा थाना जूटमिल रायगढ़ के विरूद्ध अप.क्र. 191/2024 धारा 457, 380 आईपीसी दर्ज किया गया। आरोपी से पेटी समेत चुराए 1500 रूपये की जप्ती कर आरोपी को



न्यायिक रिमांड में पेश कर जेल दाखिल किया गया है। प्रार्थी दीपक बरेठ ने बताया कि आरोपी मनीष महंत घर के पास खड़ी मोटर सायकल चोरी की फिराक में था जिससे घर अंदर से पेटी को चुरा कर भागा। आरोपी मनीष दास महंत आदतन चोर है, आरोपी को पूर्व में थाना कोतवाली ने 02 चोरी, 01 मारपीट, थाना जूटमिल ने 01 चोरी तथा थाना चक्रधरनगर ने चोरी/नकबजनी के 09 मामले और 01 मारपीट के अपराध में आरोपी को चालान किया गया है।

## नाबालिग का दैहिक शोषण करने वाला युवक गिरफ्तार, दुष्कर्म व पोक्सो एक्ट में आरोपी गया जेल

**रायगढ़**

तमनार पुलिस नाबालिग से दुष्कर्म मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुये 24 घंटे के भीतर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

बालिका की मां द्वारा थाना तमनार में आरोपित नूतन चौहान (27 साल) के विरूद्ध पिछले 4 महीनों से नाबालिक का शारीरिक शोषण करने संबंधी लिखित आवेदन दिया गया था। प्रार्थीया बताई कि युवक नूतन चौहान का इसके घर आना जाना था। बच्चे भी नूतन के घर जाते थे। पिछले दिनों बड़ी लडकी बताई कि 20 दिसंबर के दोपहर नूतन चौहान के घर गई थी, जहां नूतन शादी कर




अच्छे से रखूंगा कहकर शारीरिक संबंध बनाया और उसके बाद भी कई बार संबंध बनाया है। किशोरी के घरवालों ने लोक लाज से बचने नूतन चौहान को लड़की से शादी करने को लेकर चर्चा किये। नूतन चौहान शादी से साफ इंकार कर दिया।

नाबालिग का शारीरिक शोषण के संबंध में प्राप्त आवेदन पर थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर द्वारा तत्काल आरोपित नूतन चौहान (27 साल) पर अप.क्र. 124/2024 धारा 376,376(2)(n) IPC 6 Pocso Act के तहत अपराध कायम कर महिला विवेचक से पीड़ित किशोर बालिका का कथन, मेडिकल कराकर एक टीम आरोपी गिरफ्तारी के लिए रवाना किये। आरोपी नूतन चौहान को पुलिस ने अपराध कायम करने के कुछ देर बाद ही हिरासत में लिया गया जिसे विधिवत मेडिकल कराकर गिरफ्तार किया गया और आज दोपहर न्यायालय पेश कर जेल वारंट पर जेल दाखिल किया गया है।

एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी आकाश मरकाम एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के मार्गदर्शन पर नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्रवाई में टीआई आशीर्वाद राहटगांवकर, एएसआई खेमराज पटेल, हेड कांस्टेबल देव प्रसाद राठिया, उषारानी तिर्की, कांस्टेबल अनूप मिंज, उधो पटेल की विशेष भूमिका रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480